# राष्ट्रीय सेवा योजना
## जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
पता- शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला- बलिया, उ. प्र., पिन कोड- 277301
मोबाइल फोन नंबर- 9452400911 ई-मेल आईडी.- nssjncu@gmail.com


**पत्रांक- जे.एन.सी.यू./एन.एस.एस./59/2025-26** **दिनांक- 06/08/2025**

**सेवा में,**

**प्राचार्य/प्राचार्या,**
राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध- जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

**विषय- नए शैक्षणिक सत्र में एनएसएस से जुड़ने वाले छात्रों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं संस्थान का My Bharat पोर्टल पर पंजीयन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपरोक्त विषयक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र संख्या- 40-08/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2025-26/4703-4775 दिनांक 01 अगस्त, 2025 (पत्र संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024 25 आवंटन के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारी एवं संस्थानों (KI के रूप में) के आवश्यक रूप से My Bharat Portal (mybharat.gov.in) पर पंजीकरण कराने के साथ ही **नए शैक्षणिक सत्र में जुड़ने वाले छात्रों का युवा, समस्त कार्यक्रम अधिकारियों का PO एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सम्बद्ध समस्त संस्थानों का नॉलेज इंस्टीटूशन (KI) के रूप में My Bharat Portal (mybharat.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है।**

My Bharat पोर्टल युवाओं को अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों (ELP) में प्रतिभागिता करने, विभिन्न क्षेत्रों का व्यावहारिक ज्ञान और राष्ट्र निर्माण का अवसर प्रदान करने एवं उनमें नेतृत्व क्षमता का गुण विकसित करने का कार्य करता है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास के विषय को प्राथमिकता देते हुए **राष्ट्रीय सेवा योजना आवंटन के सापेक्ष समस्त कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं नॉलेज इंस्टीट्यूशन (KI) के रूप में सभी संस्थाओं को माय भारत पोर्टल पर आवश्यक रूप से पंजीकरण** कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही अपनी संस्था के समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना **कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित करें कि वह संस्थान स्तर पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित** करते हुए नए शैक्षणिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना से जोड़ने वाले छात्रों एवं संस्थान के अन्य युवाओं को माय भारत पोर्टल से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य करें। उक्त


06/08/2025

Scanned with OKEN Scanner

सम्बन्ध में साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट इस कार्यालय को ई-मेल आईडी nssjncu@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक- उक्तवत।**

भवदीय

06/08/2025

**डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह)**
**कार्यक्रम समन्वयक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, कुलपति जी को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया।
3. समस्त कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे संस्थान स्तर पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करते हुए नए शैक्षणिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने वाले छात्रों एवं संस्थान के अन्य युवाओं को माय भारत पोर्टल से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करें।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड), लखनऊ।
5. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. सम्बन्धित पत्रावली।



Scanned with OKEN Scanner

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

सं० 40-08/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2025-26/4703-4775 अति आवश्यक

दिनांक: अगस्त 01, 2025

सेवा में,

**समस्त रासेयो कार्यक्रम समन्वयक**
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड।

विषय - **नए शैक्षणिक सत्र में एनएसएस से जुड़ने वाले छात्रों, कार्यक्रम अधिकारियों व संस्थान का My Bharat पोर्टल पर पंजीयन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयक रासेयो निदेशालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र संख्या F.No-P(32)/NSS/DTE/2025/2059-2076 दिनांक 31-07-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें। उक्त के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 आवंटन के अनुसार रासेयो स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं संस्थानों (KI के रूप में) के आवश्यक रूप से My Bharat Portal (mybharat.gov.in) पर पंजीकरण कराने के साथ ही नए शैक्षणिक सत्र में जुड़ने वाले छात्रों का युवा, समस्त कार्यक्रम अधिकारियों का PO एवं रासेयो सम्बद्ध समस्त संस्थानों का नॉलेज इंस्टीट्यूशन (KI) के रूप में My Bharat पोर्टल (mybharat.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है।

My Bharat पोर्टल युवाओं को अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों (ELP) में प्रतिभागिता करने, विभिन्न क्षेत्रों का व्यावहारिक ज्ञान और राष्ट्र निर्माण का अवसर प्रदान करने एवं उनमें नेतृत्व क्षमता का गुण विकसित करने का कार्य करता है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि *युवाओं के व्यक्तित्व विकास के विषय को प्राथमिकता देते* हुए **राष्ट्रीय सेवा योजना आबंटन के सापेक्ष समस्त कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं नॉलेज इंस्टीट्यूशन (KI) के रूप में सभी संस्थाओं को My Bharat पोर्टल पर आवश्यक रूप से पंजीकरण** कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही समस्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों को निदेशित करें कि वह संस्थान स्तर पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करते हुए नए शैक्षणिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने वाले छात्रों एवं संस्थान के अन्य युवाओं को माय भारत पोर्टल से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य करें। उक्त सम्बन्ध में साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित करने की कृपा करें।

भवदीय

**(समर दीप सक्सेना)**
**क्षेत्रीय निदेशक**

संलग्नक: उक्तवत

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक, **भारत सरकार**, रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
2. **राज्य रा.से.यो. अधिकारी**, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त के संदर्भ में अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाइल।

केन्द्रीय भवन, आठवाँ तल, हाल नं0.1, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ-226024, उत्तर प्रदेश
दूरभाष- 0522 2337066/4079533 ई-मेल - nssrclucknow@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner